# 21 राजस्थान की जनगणना–2011

1. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान का सबसे कम जनसंख्या वाला जिला कौनसा है–
(1) जैसलमेर (2) जालौर (3) धौलपुर (4) बाड़मेर (1)

**व्याख्या–** राजस्थान में न्युनतम जनसंख्या वाला जिला जैसलमेर (6.7 लाख) है।

2. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या से सम्बन्धित निम्न से गलत तथ्य है–
(1) शिशु लिंगानुपात– 888
(2) महिला साक्षरता का प्रतिशत– 52.1
(3) अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत–17.8
(4) नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत–24.9 (3)

**व्याख्या–** जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में कुल अनुसूचित जाति 17.83% तथा कुल अनुसूचित जनजाति 13.5% है।

3. अनुसूचित जनजाति के प्रतिशत (2011) के अनुसार जिलों का सही अवरोही क्रम है–
(1) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, उदयपुर, प्रतापगढ़
(2) बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर
(3) बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़, उदयपुर, डूँगरपुर
(4) डूँगरपुर, उदयपुर, प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा (2)

4. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान की कुल जनसंख्या कितनी है?
(1) 68548437 (2) 64885437
(3) 64385437 (4) 58548437 (1)

5. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के सर्वाधिक जनसंख्या वाले जिलों को अवरोही क्रम में जमाए–
(1) जोधपुर, अलवर, जयपुर, नागौर
(2) जयपुर, अलवर, नागौर, जोधपुर
(3) जयपुर, जोधपुर, अजमेर, नागौर
(4) जयपुर, जोधपुर, अलवर, नागौर (4)

6. 2011 में राजस्थान के कौनसे जिलों में 500 से अधिक जनसंख्या घनत्व है–
(1) भरतपुर–धौलपुर (2) जयपुर–भरतपुर
(3) भरतपुर, दौसा (4) जयपुर–अलवर (2)

**व्याख्या–** जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक जनघनत्व क्रमशः जयपुर(595) व भरतपुर(503) का रहा।

7. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में साक्षरता दर सर्वाधिक पायी गई है, जिलों को ज्यादा से कम साक्षरता दर के सही क्रम में चुनिए–
(1) सीकर, जयपुर, झुंझुनूं, अलवर, कोटा
(2) कोटा, जयपुर, झुंझुनूं, सीकर, अलवर
(3) अलवर, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर, कोटा
(4) जयपुर, कोटा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं (2)

8. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के किन जिलों में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत उनकी कुल जनसंख्या में न्यूनतम है–
(1) बीकानेर और नागौर (2) गंगानगर और हनुमानगढ़
(3) चुरू और जोधपुर (4) डूँगरपुर और बाँसवाड़ा (1)

**व्याख्या–** जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति प्रतिशत वाले जिले क्रमशः बांसवाड़ा(76.38%), डूंगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर तथा न्यूनतम अनुसूचित जनजाति प्रतिशत वाले जिले क्रमशः नागौर(0.31%), बीकानेर(0.33%), चुरू, गंगानगर।

9. राजस्थान की जनगणना 2011 के अनुसार निम्नलिखित में से गलत कथन की पहचान करें–
(1) जनसंख्या वृद्धि दर 21.31 प्रतिशत है।
(2) लिंगानुपात 982 महिलाएँ प्रति हजार पुरूष है।
(3) कुल साक्षरता 66.11% है।
(4) राज्य की सर्वाधिक जनसंख्या जयपुर जिले में रहती है। (2)

10. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में जनसंख्या वृद्धि दर से संबंधित कौनसा कथन सही है–
(1) सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि दर बाड़मेर जिले में दर्ज की गई।
(2) न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि दर गंगानगर जिले में दर्ज की गई।
(3) राज्य की औसत जनसंख्या वृद्धि दर 21.3 प्रतिशत दर्ज की गई।
(4) उपरोक्त सभी कथन सही है। (4)

11. राजस्थान राज्य में 2001–11 के दौरान लिंगानुपात में कितने अंकों की वृद्धि हुई–
(1) 7 अंकों की (2) 17 अंकों की
(3) 5 अंकों की (4) 12 अंकों की (1)

**व्याख्या–** वर्ष 2001 की जनगणना में राजस्थान का लिंगानुपात 921 था। जोकि वर्ष 2011 की जनगणना में 7 अकों से बढ़कर 928 हो गया।

12. राजस्थान के शहरों का जनसंख्या आकार (कुल जनसंख्या) की दृष्टि से सही अवरोही क्रम है–
(1) जोधपुर, अलवर, नागौर, उदयपुर
(2) जोधपुर, बीकानेर, कोटा, उदयपुर
(3) जोधपुर, कोटा, बीकानेर, अजमेर
(4) जोधपुर, बीकानेर, कोटा, अजमेर (3)

13. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में धर्मो का प्रतिशत के अनुसार सही अवरोही क्रम है–
(1) हिन्दू मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध
(2) हिन्दू मुस्लिम, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध
(3) हिन्दू, मुस्लिम, सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध
(4) हिन्दू मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन (3)

14. राज्य जनसंख्या नीति कब जारी की गई?
(1) 20 जनवरी 2000 (2) 20 जनवरी 2001
(3) 20 जनवरी 2002 (4) 20 जनवरी 2003 (1)

15. राजस्थान में सर्वाधिक जैन जनसंख्या वाला जिला है ?
(1) जयपुर (2) उदयपुर (3) राजसमंद (4) पाली (1)

16. राजस्थान के किस जिले का जनघनत्व राजस्थान के जनघनत्व के लगभग समान है?
(1) बाँसवाड़ा (2) बारां
(3) चित्तौड़गढ़ (4) सिरोही (4)

**व्याख्या–** जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के सिरोही जिले का जनघनत्व 202 है जोकि राजस्थान के जनघनत्व 200 के लगभग बराबर है।

17. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में 0–6 वर्ष समूह में कुल जनसंख्या का प्रतिशत एवं लिंगानुपात है–
(1) 18.80% – 909 (2) 15.54% – 888
(3) 18.54% – 888 (4) 15.54% – 909 (2)

18. 2011 की जनगणना के अनुसार किस जिले में अनुसूचित जाति (S.C.) की जनसंख्या सर्वाधिक है–
(1) जयपुर (2) गंगानगर
(3) हनुमानगढ़ (4) उदयपुर (1)

**व्याख्या–** जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक अनुसूचित जाति वाले जिले क्रमशः जयपुर (10.03लाख), गंगानगर, नागौर तथा न्यूनतम अनुसूचित जाति वाले जिले क्रमशः डूंगरपुर (52,667), प्रतापगढ़, बांसवाड़ा।

19. निम्न में से किस जिले का जनसंख्या घनत्व 400 से कम है–
(1) दौसा (2) भरतपुर (3) धौलपुर (4) अलवर (3)

20. जनगणना के सम्बन्ध में प्रथम लिखित प्रमाण किस पुस्तक में मिलता है।
(1) आईन–अकबरी (2) इण्डिका
(3) अर्थशास्त्र (4) मारवाड़ रा परगना री विगत (3)

21. राजस्थान के किस जिले की सबसे कम नगरीय जनसंख्या हैं–
(1) जैसलमेर (2) डूँगरपूर
(3) धौलपुर (4) प्रतापगढ़ (4)

**व्याख्या–** राजस्थान में न्युनतम शहरी जनसंख्या वाला जिला प्रतापगढ़ (0.71 लाख) है।

22. 2011 की जनगणना के वक्त राजस्थान का जनसंख्या में देश में कौनसा स्थान था?
(1) आठवाँ (2) सातवाँ (3) पहला (4) छठा (1)

23. सन् 2011 में राजस्थान में कौन से जिलों में उनकी कुल जनसंख्या में सर्वाधिक ग्रामीण प्रतिशत और सर्वाधिक नगरीय प्रतिशत है–

| (ग्रामीण) | (नगरीय) |
|---|---|
| (1) बाड़मेर | – अजमेर |
| (2) सिरोही | – जोधपुर |
| (3) प्रतापगढ़ | – जयपुर |
| (4) डूँगरपुर | – कोटा |

(4)

24. 2011 के जनगणना के अनुसार राजस्थान में ग्रामीण और शहरी आबादी की साक्षरता दर क्रमशः है–
(1) 60.04 व 75.7 (2) 43.90 व 60.04
(3) 61.44 व 75.7 (4) 61.44 व 79.48 (4)

25. वर्ष 2001 के 2011 के मध्य राजस्थान के किन जिलों में लिंगानुपात में सर्वाधिक कमी आई है–
(1) धौलपुर व जैसलमेर (2) डूँगरपुर व राजसमंद
(3) डूँगरपुर व उदयपुर (4) राजसमंद एवं चूरू (3)

26. राजस्थान की जनगणना 2011 के अनुसार जोधपुर, जयपुर, बीकानेर, कोटा, अजमेर व उदयपुर शहरों का उनकी जनसंख्या के अनुसार सही आरोही क्रम है–
(1) उदयपुर, अजमेर, बीकानेर, कोटा, जोधपुर, जयपुर
(2) अजमेर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा, जोधपुर, जयपुर
(3) अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, जयपुर
(4) जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, अजमेर, उदयपुर (1)

27. राजस्थान में इनमें से कौनसा जिला 2011 में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व रखता है–
(1) भरतपुर (2) दौसा
(3) धौलपुर (4) जयपुर (4)

**व्याख्या–** जयपुर का जनघनत्व 595 है।

28. राजस्थान में क्रमशः सर्वाधिक और न्यूनतम साक्षरता वाले जिलों के नाम है–
(1) कोटा–जालौर (2) कोटा–बाँसवाड़ा
(3) झुंझुनूं– सिरोही (4) सीकर–प्रतापगढ़ (1)

**व्याख्या–** जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक साक्षरता वाले जिले क्रमशः कोटा(76.6%), जयपुर, झुंझुनूं, सीकर, अलवर तथा न्यूनतम साक्षरता वाले जिले क्रमशः जालौर(54.9%), सिरोही, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, बाड़मेर।

29. जनगणना–2011 के अनुसार राजस्थान की पुरुष साक्षरता है–
(1) 89.70 प्रतिशत (2) 79.20 प्रतिशत
(3) 59.20 प्रतिशत (4) 69.50 प्रतिशत (2)

30. राजस्थान में 30 लाख से अधिक आबादी वाले जिलों की संख्या है–
(1) 5 (2) 1 (3) 7 (4) 3 (1)

31. जनगणना–2011 के अनुसार राजस्थान में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या है–
(1) 2 (2) 5 (3) 2 (4) 3 (4)

**व्याख्या–** जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर क्रमशः जयपुर(30.73 लाख, देश में 10वॉं स्थान), जोधपुर, कोटा।

32. जनजाति वर्ग की आबादी के अनुसार राजस्थान का भारत में कौन–सा स्थान है–
(1) दूसरा (2) प्रथम
(3) तीसरा (4) छठा (4)

33. राजस्थान में अनुसूचित जनजाति की सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला है–
(1) प्रतापगढ़ (2) बाँसवाड़ा
(3) डूँगरपुर (4) उदयपुर (4)

34. 2001 की जनगणना की तुलना में 2011 की जनगणना तक राजस्थान की जनसंख्या में कितनी वृद्धि हुई–
(1) 1,41,20,249 (2) 1,24,20,249
(3) 1,20,41,249 (4) 1,30,20,249 (3)

35. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में न्यूनतम जनसंख्या वाले जिलों का जनसंख्या के अनुसार सही अवरोही क्रम है–
(1) बूँदी, सिरोही, जैसलमेर, प्रतापगढ़
(2) सिरोही, राजसमंद, बूँदी, जैसलमेर
(3) बूँदी, सिरोही, प्रतापगढ़, जैसलमेर
(4) प्रतापगढ़, बूँदी, सिरोही, जैसलमेर (3)

36. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में न्यूनतम शहरी जनसंख्या प्रतिशत वाला जिला है–
(1) डूँगरपुर (2) बाड़मेर
(3) प्रतापगढ़ (4) बाँसवाड़ा (1)

37. 2001 से 2011 के मध्य राजस्थान में 3 सबसे कम दशकीय वृद्धि वाले जिलों का सही युग्म है–
(1) झुंझुनूं, बूँदी, चित्तौड़गढ़
(2) गंगानगर, झुंझुनूं, चित्तौड़गढ़
(3) गंगानगर, झुंझुनूं, पाली
(4) पाली, बूँदी, चित्तौड़गढ़ (3)

38. 2001 से 2011 के मध्य राजस्थान में साक्षरता दर में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज करने वाला 2 जिलों का सही युग्म है–
(1) कोटा, सीकर (2) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा
(3) बाड़मेर, चुरू (4) जैसलमेर, बाड़मेर (2)

39. महिलाओं की साक्षरता दर में राजस्थान में 2001 की जनगणना की तुलना में 2011 की जनगणना में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई–
(1) 6.5 प्रतिशत (2) 8.22 प्रतिशत
(3) 5.8 प्रतिशत (4) 3.5 प्रतिशत (2)

40. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान का वह जिला, जिसकी जनसंख्या वृद्धि दर राजस्थान की जनसंख्या वृद्धि दर के लगभग बराबर है–
(1) अजमेर (2) राजसमंद
(3) नागौर (4) भरतपुर (4)

**व्याख्या–** भरतपुर की जनसंख्या वृद्धि दर 21.4 प्रतिशत है जो राजस्थान की जनसंख्या वृद्धि दर के लगभग बराबर है।

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication